# गौशाला में जब भी गौ दान किया है मेरे को लाभ ही प्राप्त होता है : तोदी

**राजलदेसर** । राजलदेसर कस्बे के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं श्री राजलदेसर गौशाला के सरक्षक ईश्वर चंद तोदी एवं उनकी धर्मपत्नी शांति देवी तोदी ने श्री राजलदेसर गौशाला में मलमास के दौरान पांच गौ माता का गौ दान करने का संकल्प लिया था जिसके तहत शुक्रवार को द्वितीय चरण के दौरान उन्होंने दो गौ माता का विधि विधान से पंडित बृजेश दाधीच ने विधि विधान से पूजा अर्चना करके गौ दान किया एवं देश में खुशहाली की कामना की ।

साथ ही उन्होंने कहा मैं जब भी श्री राजलदेसर गौशाला में गौ दान करता हूं तो मेरे को जयपुर पहुंचते ही लाभ ही प्राप्त होता है एवं नए उद्योग में आयाम स्थापित होते हैं उन्होंने कहा कि गौ दान अधिक से अधिक करना चाहिए क्योंकि प्रत्यक्ष को प्रमाण देने की जरूरत नहीं है साक्षात गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त होता है ।

उन्होंने सभी गौ भक्तों से भामाशाहों से आग्रह किया कि श्री राजलदेसर गौशाला में आकर गौ दान अवश्य करें ताकि आपका भी भाग्य चमकता रहे । साथ ही उन्होंने श्री राजलदेसर गौशाला का भ्रमण किया भ्रमण के दौरान गौशाला में बने गो भक्तों के सहयोग से भामाशाह के सहयोग से सबसे बड़ा निर्मित गौ आवास गृह का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा सभी गौ भक्तों के प्रयास से इतना भव्य गौ आवास गृह जो बना है वह सभी गो भक्तों की मेहनत का फल है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है । साथ ही उन्होंने बारिश के पानी के स्टोरेज के बारे में चर्चा की । चर्चा के दौरान गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने 10 पानी के स्टोरेज बनाने के लिए उनके पास प्रस्ताव रखा तो उन्होंने कहा पीने का पानी अमृत के समान होता है गौ माता को बरसाती पानी अगर मिलता है तो बहुत ही पुण्य का कार्य है उन्होंने अपनी ओर से एक पानी का स्टोरेज बनाने की तुरंत ही घोषणा की एवं अन्य दानदाता एवं अनेकों भक्तों को भी अधिक से अधिक प्रेरित किया जाएगा क्योंकि जल ही जीवन है जल के बिना मनुष्य अधूरा है जीव जंतु का जीना भी दुर्लभ है साथ ही उन्होंने अंधी विकलांग गौ माता को अपने हाथों से गुड़ खिलाया इसके अलावा गौशाला के बारे में भी उन्होंने चर्चा की एवं अपनी ओर से जो भी सहयोग होगा हमेशा सहयोग करने कि बात कही । इस अवसर पर गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने गौशाला की पूरी जानकारी दी एवं भविष्य की योजना के बारे में बताया इस अवसर पर पशु चिकित्सा प्रवाही डॉक्टर हीरालाल सोनी ,गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, हनुमानमल सोनी, परमेश्वर फोगला, मुकेश श्रीमाल विनोद भाटिया, रतनलाल बारूपाल, अनिल तोदी, मदन दाधीच ,मांगीलाल प्रजापत, मैनेजर राधेश्याम पांडे ,विशाल प्रजापत, नंदकिशोर पांडे आदि गौशाला के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## डी.आई.जी. बनने पर किया सम्मान

**झुंझुनूं** । एसपी शरद चौधरी का हाल ही में डीआईजी के पद पर प्रमोशन हुआ है। जिसके बाद शुक्रवार को झुंझुनूं में उनका विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा सम्मान किया गया। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने शरद चौधरी के प्रमोशन पर उनका सम्मान किया। इस मौके पर शरद चौधरी ने कहा कि उनका झुंझुनूं का कार्यकाल छोटा रहा है। लेकिन उन्हें झुंझुनूं की याद हमेशा रहेगी। यहां के लोगों ने पुलिस का खूब सहयोग किया है। जिसके चलते हर अपराध को रोकने में और अपराधों के राजफाश में मदद मिली। उन्होंने कहा कि डीआईजी बनने के बाद अब उनका तबादला होगा। लेकिन उनका बिल्कुल भी मन नहीं है कि वे झुंझुनूं छोड़कर जाए। इस मौके पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष संपत चुड़ैलेवाला, सुनील पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदीप पाटोदिया, श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, श्री गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉक्टर डीएन तुलस्यान, सुनील तुलस्यान, लॉयंस क्लब झुंझुनूं के रघुनाथ पोद्दार, वस्त्र व्यवसायी राजेश ढेढिया एवं संजय नांगलिया आदि ने शरद चौधरी का दुपट्टा, साफा एवं शॉल ओढाकर माल्यार्पण के साथ स्वागत अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। आपको बता दें कि आईपीएस शरद चौधरी मृदु भाषी, मिलनसार स्वभाव के धनी मूलतः कानपुर निवासी है।

## नीमकाथाना जिला हटाये जाने पर सर्व समाज का विरोध जारी

**पाटन** । नीमकाथाना जिला को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर सर्व समाज का विरोध देखने को मिल रहा है वहीं अनेकों समाज के लोग आंदोलनकारियो को समर्थन दे रहे हैं। ग्यारहवें दिन भी भूख हड़ताल जारी रही, जहां बनवारी सैनी डेहरा जोहड़ी, दुर्गा प्रसाद सैनी डेहरा जोहड़ी, अमरचन्द सैनी डेहरा जोहड़ी, भागूराम सैनी पूर्व सरपंच डेहरा जोहड़ी, प्रभात गुर्जर राणासर, रोशन लाका भूख हड़ताल पर बैठे। भूख हड़ताल पर बैठने वाले लोगों को विधायक सुरेश मोदी ने माला पहनाई। इन सभी लोगों ने नीमकाथाना जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ कर धरने को जारी रखा।

**नीमकाथाना जिला बचाने के लिए** :-शुक्रवार को माली-सैनी समाज विकास संस्थान और युवा शक्ति मंच ने पुराना बस स्टैण्ड से अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय तक बाइक रैली निकाल कर आक्रोश जताते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर भूख हड़ताल पर बैठे लोगो को समर्थन दिया।

नीमकाथाना जिला हटाने से राजस्थान सरकार के खिलाफ धीरे धीरे लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा।शहर में जगह-जगह टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है तथा गांव-गांव, ढाणी ढाणी में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जा रही है। नीमकाथाना जिला को यथावत रखने के लिए भाजपा सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है। 28 दिसंबर को भाजपा सरकार ने नीमकाथाना जिले को जिले की सूची से हटाया था, आज 13 दिन बीत चुके हैं, परंतु राजस्थान सरकार का कोई भी प्रतिनिधि संघर्ष समिति के लोगों से नहीं मिला है, जिसको लेकर संघर्ष समिति के पदाधिकारी के अलावा नीमकाथाना के लोगों में भी भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। इस मौके गोपाल सैनी, भूपेन्द्र सिंह पंचायत समिति सदस्य, राजेन्द्र महराणियां, विजेन्द्र रोजड़िया, गुलाब सैनी अध्यक्ष सैनी समाज, मंजू सैनी संचालक, नानूराम सैनी कोषाध्यक्ष, दयाल चन्द सचिव, डूंगा राम सैनी, रामप्रताप सैनी, जगदीश सैनी, रामचन्द्र सैनी, हरपाल, फूलचन्द, मनोज चौधरी, अर्जुन, कांता प्रसाद शर्मा, बालूराम, कैलाश गुर्जर, राकेश बढाणा, सुमेर सिंह तंवर, बाबूलाल सैनी, उमेश मण्डोतिया, विकास कुमावत, ओमप्रकाश कॉमरेड, मुकेश अग्रवाल श्रीजी सैनी, ओमप्रकाश नेहरा सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जागरूकता शिविर आयोजित

**सीकर** । महावीर इन्टरनेशनल एवं वीरा केंद्र सीकर के सयुंक्त तत्वाधान में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुनील ढण्ड द्वारा मधुमेह जागरूकता शिविर का आयोजन दीवान जी की धर्मशाला जाटिया बाजार में किया गया। जिसमें डॉ सुनील ढण्ड द्वारा आये हुए सदस्यों एवं समाज के गणमान्य लोगों को मधुमेह रोग के बारे मे जानकारी दी, बताया कि किस प्रकार से इस रोग को लेकर लोगों मे विभिन्न विभिन्न प्रकार की अनेकों भ्रांतियां है। डॉ ढण्ड ने लोगों की भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि किस प्रकार से हम खानपान और अपने जीवनशैली मे बदलाव कर मधुमेह और केंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से अपने आप को और अपने परिवार को बचा सकते हैं। शिविर संयोजिका वीरा नीलम मिश्रा द्वारा डॉ सुनील ढण्ड को (पौधा) देकर सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष वीर सुभाष मिश्रा ने कहा कि जिस प्रकार समाज और देश मे मधुमेह और केंसर जैसी बीमारियाँ आम आदमी को अपनी चपेट में ले रही है, उससे बचने के लिए इस प्रकार के जागरूकता शिविर निरंतर रूप से लगाना आवश्यक है।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।शिविर में वीरा सनू मोदी सचिव राजेंद्र पहाड़िया, वरिष्ठ सदस्य डॉ एम.पी. जैन, महेश शर्मा, शिवकुमार जांगिड़, संगीता पहाड़िया सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी हिस्सा लिया।





